‘न्यू स्टार्ट संधि’ के विस्तार पर रूस की सहमति

drishtiias.com/hindi/printpdf/russia-agrees-to-extend-start-treaty

चर्चा में क्यों?

हाल ही में रूस द्वारा **‘न्यू स्टार्ट संधि’** (New START Treaty) के विस्तार को मंज़ूरी दी गई है। यह अमेरिका और रूस के मध्य परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली एकमात्र संधि है, जिसकी अवधि फरवरी 2021 में समाप्त होने वाली थी।

प्रमुख बिंदु:

अनुमोदन के बारे में:

- रूसी संसद (क्रेमलिन) के दोनों सदनों द्वारा पाँच वर्षों के लिये न्यू स्टार संधि के विस्तार को मंज़ूरी दी गई है, यह निर्णय नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति और रूसी राष्ट्रपति के मध्य टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद लिया गया।
- **विश्व आर्थिक मंच** (World Economic Forum’s) की आभासी बैठक में रूस के राष्ट्रपति ने इस संधि को "सही दिशा में उठाया गया कदम" कहकर इसकी सराहना की लेकिन साथ ही बढ़ती वैश्विक प्रतिद्वंद्विता और नए संघर्षों के खतरों के बारे में भी चेतावनी दी।
- इस संधि के विस्तार के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका में कांग्रेस की मंज़ूरी की आवश्यकता नहीं है परंतु रूसी सांसदों को इस कदम की पुष्टि करनी होगी और अध्यक्ष को संबंधित विधेयक को कानूनी रूप देने हेतु हस्ताक्षर करना होगा।

न्यू स्टार्ट संधि:

- **उद्देश्य:**
  यह रणनीतिक आक्रामक हथियारों की मात्रा में कमी करने और उन्हें सीमित करने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका और रूसी के बीच एक संधि है।
  - 'रणनीतिक आक्रामक हथियार' (Strategic Offensive Arms) का आशय **‘सामरिक परमाणु वितरण वाहनों’** (Nuclear Delivery Vehicles-SNDVs) द्वारा तैनात परमाणु हथियारों से होता है।
  - **SNDVs** इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें (**‘ICBMs**) हैं जिनकी रेंज 5,500 किलोमीटर है जो रणनीतिक रूप से बमवर्षक, युद्धपोतों (सामरिक पनडुब्बियों सहित) और क्रूज़ मिसाइलों के साथ ही हवा एवं समुद्र में लॉन्च की गई क्रूज़ मिसाइलें हैं।

- **प्रवर्तन/लागू करना:**
    इस संधि को 5 फरवरी, 2011 को लागू किया गया।
- **वर्ष 1991 की परिवर्तित स्टार I संधि:**
    - **'न्यू स्टार्ट संधि'** ने वर्ष 1991 की **स्टार I** (START I) संधि का स्थान लिया, जो दिसंबर 2009 में समाप्त हो गई तथा वर्ष 2002 की **स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी** (Strategic Offensive Reductions Treaty- SORT) को समाप्त कर न्यू स्टार संधि को लागू करने पर बल दिया गया।
    - वर्ष 1991 की स्टार-1 (शीत युद्ध के अंत में) ने दोनों पक्षों (अमेरिका और रूस) को 1,600 सामरिक वितरण वाहनों और 6,000 युद्धक हथियारों तक सीमित कर दिया।
    - मई 2002 की **स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन संधि** (SORT), जिसे मास्को संधि के नाम से भी जाना जाता है, यह संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के लिये अपने तैनात सामरिक परमाणु बलों की संख्या को कम कर क्रमशः 1,700 तथा 2,200 तक सीमित करने की प्रतिबद्धता लागू करती है।
- **रणनीतिक परमाणु शस्त्रागार को सीमित करना:** यह दोनों पक्षों द्वारा 700 रणनीतिक लांचरों और 1,550 परिचालन युद्धक हथियारों को सीमित कर संयुक्त राज्य अमेरिका और रूसी रणनीतिक परमाणु शस्त्रागार को कम करने की द्विदलीय प्रक्रिया को जारी रखती है।
- **नवीनीकरण:** यह संधि फरवरी 2021 में समाप्त होने वाली थी, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस से नवीकरण की मंज़ूरी मिलने के बाद इसे पाँच वर्ष की अवधि के लिये बढ़ाया जाएगा।

आगे की राह:

- वर्ष 2019 में **इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्स ट्रीटी** (Intermediate-Range Nuclear Force Treaty-INF Treaty) के निलंबन और **'ओपन स्काई संधि'**
- (Open Skies Treaty) में अमेरिका को पुनः शामिल करने का रूस का यह कदम सराहनीय है।
- न्यू स्टार संधि का विस्तार अमेरिका-रूस संबंधों में एक नए युग स्थान को चिह्नित करेगा। इस अवसर का उपयोग दोनों देश भविष्य में परमाणु मिसाइल हथियारों के नियंत्रण पर व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करने के लिये कर सकते हैं।

स्रोत: द हिंदू